# જિલ્લા પંચાયત શિક્ષણ સમિતિ, ભાવનગર

ધોરણ : ૭

તારીખ : ૧૨/૦૪/૨૦૧૯

## હિન્દી

(દ્વિતીય સત્ર)

કુલ ગુણ : ૮૦

સમય : ૯-૩૦ થી ૧૨-૩૦

---

प्र. १ (अ) सही विकल्प चुनकर प्रश्न का उत्तर लिखिए । (८)

१. बेटी तितली बनकर क्या करना चाहती है ?

(१) उजियारा करना (२) हवा को चूमना

(३) धरती पर चमकना (४) दुनिया को समझना

२. कुएँ की चारों ओर बनी ऊँची भूमि को क्या कहते है ?

(१) जगत (२) बावड़ी (३) पहाडी (४) बैठक

३. 'धरती की शान' कविता के कवि 'पंडित भरत व्यासजी' जाने माने ________ थे ।

(१) चित्रकार (२) गीतकार (३) संगीतकार (४) कलाकार

४. तानाजी ने अपने आपको शिवाजी का क्या बताया ?

(१) मित्र (२) स्वामी (३) भाई (४) दास

५. 'मुस्कान के मोती' इकाई का प्रकार है ...

(१) चुटकुले (२) कहानी (३) वाद-विवाद (४) कविता

६. सही शब्द ढूँढ़िए ।

(१) महत्व (२) शीवलिंग (३) मोमबत्ती (४) समीति

७. 'हिमाकत' शब्द का कौन-सा अर्थ सही नहीं है ?


(१) मूर्खता (२) नादानी (३) बेवफूफी (४) विद्वता

८. तेनसिंग अेवरेस्ट पर पहुँचने में <u>सफल</u> हुए । रेखांकित शब्द का विलोम शब्द दीजिए ।

(१) कामयाब (२) प्रसिद्ध

(३) असफल (४) विख्यात

(ब) होटल के मेनु को पढ़कर उत्तर लिखिए । (४)




प्रश्नः

१. फिक्स थालियों में सबसे सस्ता भोजन कौन-सा है ?

२. खाने में आपको दाल फ्राय और जीरा राईस खाना है, तो आपको कितने रुपये चुकाने पड़ेंगे ?

३. अगर आप ग्रीन सलाड, पालक पनीर और पुलाव खाते हैं, तो आपको कितने रुपये चुकाने पड़ेंगे ?

४. आपने श्रीखंड-पूरी और ग्रीन सलाड खाकर रु. १०० दिए तो आपको कितने पैसे वापस मिलेंगे ?

Scanned by CamScanner

(क) मातृभाषा में अनुवाद कीजिए । (४)

परेशभाई किसान है । उनकी पत्नी हीरलबहन नर्स है । एक दिन सुबह-सुबह हीरलबहन ने पानी के नल के नीचे जल्दबाजी में एक मटका रखा । बाद में नल चालू किया और रसोईघर में चाय बनाने चली गई । चाय बनाने के बाद जब वापस आकर देखा तो मटका खाली था । उसमें पानी नहीं था । हीरलबहन अपने आप पर हँसने लगी ।

प्र. २ (अ) प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (किन्ही पाँच) (१०)

१. आपको कहाँ-कहाँ पर भेद-भाव की नीतियाँ दिखाई देती है ?
२. चौथी स्त्री ने अपने बेटे का परिचय कैसे दिया ?
३. 'देश के नाम संदेश' इकाई पत्र में स्वच्छता के बारे में कलाम जी क्या कहते हैं ?
४. अपनी हत्या के बारे में शिवाजी ने कौन-कौन सी शंकाएँ व्यक्त की ?
५. भावेशभाई दिपावली की छुट्टियों में से आए तो क्यों चौंक गए ?
६. अपने देश की व्यवस्था को हम कैसे सुधार सकते हैं ?

(ब) प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए । (किन्हीं दो) (६)

१. आदमी 'सच्चा हीरा' कैसे बन सकता है ?
२. आप किसको प्रामाणिक इन्सान कहते हैं ?
३. चौथी स्त्री का बेटा सचमुच हीरा था । क्यों?

प्र. ३ (अ) प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए । (किन्हीं तीन) (६)

१. मनुष्य अन्य जीवों की अपेक्षा महान कैसे है ?
२. आप बड़े होकर क्या बनना चाहते हैं ? क्यों ?
३. 'धरती की शान' काव्य में उल्लिखित प्रकृति के तत्त्वों के नाम बताइए ।

(ब) प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए । (किन्हीं दो) (६)

१. बेटी की तरह आप किसीका सहारा बनने के लिए क्या-क्या करेंगे ?
२. विविध क्षेत्रों में मनुष्यों ने क्या-क्या प्रगति की है ?
३. 'धरती की शान' काव्य के अनुसार आप क्या-क्या कर सकते हैं ?

(क) काव्यपंक्तियाँ पूर्ण कीजिए । (२)

फूल जैसी सुंदर ____________________ नाचूँगी, गाऊँगी ।

(ड) रेखांकित विशेषण का प्रकार लिखिए । (२)

१. राहुल <u>थोड़ी</u> चीनी लेकर आया ।
२. <u>वह</u> आदमी जा रहा है ।

प्र. ४ (अ) सूचना अनुसार लिखिए ।

१. अब्दुल कल आएगा । (वाक्य भूतकाल में लिखिए ।) (१)
२. जिसकी लाठी उसकी भैंस । (कहावत का अर्थ लिखिए ।) (१)
३. शब्दकोश के क्रम में लिखिए । (२)
   रक्षा, उपभोक्ता, मिट्टी, क्षमा
४. विलोम शब्द लिखिए । (२)
   (अ) आकाश (ब) उजियारा
५. शब्दों का अर्थभेद लिखिए । (२)
   गृह - ग्रह

Scanned by CamScanner

६. शब्दों को सही क्रम में रखकर अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए । (२)

(१) मारा चाँय राजू को तुमने क्यों ?

(२) एक हजार रखने के तरीके याद ।

(ब) 'जीवन में स्वच्छता का महत्त्व' समझाते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए । (६)

प्र. ५ (अ) मुहावरे का अर्थ देकर वाक्य प्रयोग कीजिए । (२)

हिम्मत न पड़ना

(ब) निम्नलिखित अपूर्ण कहानी को अपने शब्दों में लिखित रूप से पूर्ण कीजिए । (६)

रामपुर नामक गाँव था । उस गाँव में भोलु नाम का एक लड़का रहता था । वह पढ़ाई करता था । एक दिन वह पाठशाला जा रहा था । रास्ते में उन्हें रेल की पटरियों को पार करना पड़ता था । उसने देखा कि रेल की पटरी एक जगह से उखड़ी हुई है ।

भोलुने सोचा कि ...

(क) निबंध लिखिए । (किसी एक) (८)

१. मेरा प्रिय नेता

नेता का परिचय(जन्म, पढ़ाई, बचपन) - समाजसेवा के कार्य - देशहित के कार्य - नेता की विशेषता - प्रेरणा - उपसंहार ।

२. मेरा प्रिय वैज्ञानिक

वैज्ञानिक का परिचय (जन्म, पढ़ाई, बचपन) - वैज्ञानिक खोज - समाजहित में उपयोग - प्रेरणा - उपसंहार ।

३. मेरा प्रिय त्यौहार

अलग अलग त्यौहार - मेरा प्रिय त्यौहार - कैसे मनाते हैं ? - महत्त्व - उपसंहार।

6

Scanned by CamScanner